**D - 60**

## CONTINUOUS & COMPREHENSIVE EVALUATION
## SUMMATIVE ASSESSMENT - I - NOVEMBER 2022

First Language - HINDI

PART - A & B

VII Class] (Max.Marks: 80) [Time: 2:45 Hrs.

---

**Marks: 60]** **Part - A** **[Time: 2.15 Hrs.**

***Instructions:***

*i) Read the following question paper and understand every question thoroughly without writing anything. 15 minutes time is allotted for this.*

*ii) Answer all the questions under Part-A on a separate answer booklet.*

*iii) Part-B will be given separately. Write all the answers of Part-B on question paper itself and attach it to the answer book of Part-A.*

* * *

*I. निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए ।* *1x5=5*

1. नीड़ न दो, चाहे टहनी का
आश्रय छिन्न-भिन्न कर डालो,
लेकिन पंख दिए हैं तो
आकुल उड़ान में विघ्न न डालो ।

*II. निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखिए ।* *5x1=5*

देखो वसंत ऋतु है आई
बागों में कलियाँ मुस्काई
फूंल-फूल पर बैठे भंवरे
धूल-धूल में महक समाई
देखो बंसत ऋतु है आई
आमों में मंजर का आना
सुगंध हवा का दिल बहलाना
प्रीत की रीति का पृष्ठ पर आना
हुआ यहाँ हर कोई दीवाना ।

*[Turn Over*

*प्रश्न:*

2. कलियाँ कब मुस्कुराती है ?
3. फूलों पर कौन बैठें हैं ?
4. सुगंधित हवा क्या करती है ?
5. वसंत ऋतु के आने पर आमे पर क्या आ जाते हैं ?
6. प्रस्तुत पद्यांश के लिए उचित शीर्षक क्या होगा ?

***III. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखिए ।*** ***5x1=5***

अपने पत्तों का कोट पहनकर मुझे सरदी, बारिश या धूप में उतनी तकलीफ़ नहीं होती, तो भी तुमसे बहुत पहले का खड़ा हूँ मैं यहाँ । यहीं मेरा जन्म हुआ-इसी जगह । तब सब कुछ कितना अलग या यहाँ । वहाँ के, वे सब ऊँचे-ऊँचे घर नहीं थे तब । यह सड़क भी नही थी। वह सिनेमा का बड़ा सा पोस्टर और उसमें नाचनेवाली औरत भी तब नहीं थी । सिर्फ सामने का यह समुद्र था । बहुत अकेलापन महसूस होता था । तुम्हें जब यहाँ लाकर खड़ा किया गया तो सोचा चलो कोई साथी तो मिला-इतना ही सही लेकिन को भी कहाँ ? तुम शुरु-शुरु में मुझसे बोलने को ही तैयार नहीं थे । मैं ने बहुत बार कोशिश की, पर तुम्हारी अकड़ जहाँ थी वही कायम! बाद में मैं ने भी सोय लिया, इसकी नाक इतनी ऊँची है तो रहने दो । मैं ने भी कभी आवाज़ नहीं लगाई हाँ । अपना भी स्वभाव ज़रा शेसा ही है ।

*प्रश्न:*

7. पत्तों का कोट पहनकर कौन खड़ा है ?
8. पहले से उस जगह पर क्या था ?
9. नाचनेवाली औरत का चित्र कहा था ?
10. बिजली के खंब्भ का स्वभाव कैसा था ?
11. उपर्युक्त गद्यांश कौन से पाठ से लिया गया है ?

*[Contd...on 3rd page*

*IV. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।* *5x1=5*

सिद्धार्थ नाम का लड़का आगे चलकर 'गौतम बुद्ध कहलाया । अपनी पत्नी यशोधरा और पुत्र राहुल को सोता छोड़कर ज्ञान की खोज में घर से निकल पड़े थे । उनके पाँच शिष्यों बने । फिर तपस्या आदि के बाद जब बुदध को ज्ञान प्राप्ति हुई तब उन्होंने सबसे पहले उन्हीं पाँच शिष्यों को सारनाथ में अपना पहला उपदेश दिया था । बौद्ध धर्म की यह एक महान घटना थी । इसे ही बौद्ध साहित्य में धर्म-चक्र प्रवर्तन कहते हैं ।

मौर्य सम्राट अशोक जब बौद्ध धर्म का अनुयायी बना तो उसने सारनाथ में कई स्मारक बनवाए । इनमें सबसे प्रमुख है - 'अशोक-स्तंभ' । इस स्तंभ का शीर्ष भाग चार सिंहों से युक्त है । इस शीर्ष 'भाग की ऊँचाई छह फुट से अधिक है । सिंहों के बीच में एक चक्र है, जो धर्म-चक्र का सूचक है ।

*प्रश्न:*

12. 'गौतम बुद्ध' की पत्नी और बच्चे का क्या नाम था ?
13. गौतम बुद्ध ने सबसे पहले किन्हे उपदेश दिया ?
14. सारनाथ में स्मारक किसने बनवाए थे ?
15. अशोक स्तंभ' की विशेषता क्या हौ ?
16. उपर्युक्त गद्यांश के लिए उचित शीर्षक होगा ?

*V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चार-पाँच पंक्तियों में लिखिए ।* *4x3=12*

17. 'हम पंछी उन्मुक्त गगन के' कवितासे कवि क्या संदेश देना चाहते हैं ?
18. 'दादी माँ' कहानी में दादी माँ का स्वभाव कैसा था अपने शब्दों में लिखिए ।
19. रक्तदान करना क्यों जरुरी है ? आज ब्लड-बैंक की आवश्यकता क्यों है ?
20. कठपुतली पराधीन क्यों है ? कविता के आधार पर लिखिए ।

*[Turn Over*

*VI. निम्न लिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर 8-10 पंक्तियों में लिखिए ।* *1x6=6*

21. मिठाईवाले के गुणों की चर्चा छोटे-बड़े सब क्यों करते थे ?

22. 'माधवदास का जीवन संपन्न था, फिर भी माधवदास सुखी नहीं था' क्यों सिध्द् कीजिए ।

*VII. निम्न लिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर 8-10 पंक्तियों में लिखिए ।* *1x6=6*

23. 'कठपुतली अपने पाँवो पर खड़ी नहीं हो पा रही थी ' इस वाक्य के व्दारा कवि क्या कहना चाहते हैं ?

24. पौष्टिक आहार के साथ-साथ साफ-सफाई की भी जरुरत है । अपने विचार लिखिए ।

*VIII. निम्न लिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए ।* *1x6=6*

25. 'भारत देश में नदियों को माता माना गया है । उदाहरण द्वारा सिद्ध कीजिए ।

26. 'पापा खो गए' पाठ में लाल ताऊ को 'ताऊ' क्यों कहते हैं और बाकी पात्रों से वे अलग कैसे हैं ?

*IX. निम्न लिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।* *2x5=10*

27. 'समय का सदुपयोग' विषय पर निबंध लिखिए ।

28. 'जन्मदिन की बधाई' देते हुए मित्र को पत्र लिखिए ।

29. 'स्वतंत्रता दिवस' के विषय पर अध्यापक और छात्र के । वार्तालाप लिखिए।

* * * * *

**D - 60 A**

# CONTINUOUS & COMPREHENSIVE EVALUATION
## SUMMATIVE ASSESSMENT - I - NOVEMBER 2022

First Language - HINDI

PART - B

VII Class] (Max.Marks: 20) [Time: ½ Hr.

Student Name ............................................................ Roll No. .....................

***Instructions:***

*i) Answer all the questions in this part on the question paper itself and attach it to the answer booklet of Part-A.*

*ii) Candidates must use Capital Letters while answering the multiple choice questions.*

* * *

*I. निम्न लिखित प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए ।* *8x1=8*

1. खानपान की जो एक मिश्रित ......बनी है । ( )

   *(रिक्त स्थान के लिए सही वर्तनी वाला शब्द है)*

   A) संस्कृति B) संसकृति

   C) संसकुती D) ससकृति

2. मिठाईवाले ने <u>छोटे</u> बच्चों को मिठाई खिलाई । ( )

   *(रेखांकित शब्द का विलोम शब्द है)*

   A) छोटी B) बहुत

   C) बड़े D) छोटेपन

3. नदियों का <u>पानी</u> स्वच्छ और साफ़ रहता है । ( )

   *(रेखांकित शब्द के पर्यायवाची हैं)*

   A) समुद्र, सागर B) आकाश, नदी

   C) नीर, जल D) गगन, सागर

*[Turn Over*

4. निम्न लिखित शब्दों का सही शब्दकोश क्रम है। ( )

A) चमेली, चादर, चावल, चमन

B) चमन, चमेली, चावल, चादर

C) चमन, चादर, चावल, चमेली

D) चमन, चमेली, चादर, चावल

5. मुरलीवाला तीस बत्तीस साल का दुबला -------युवक है। ( )

*(रिक्त स्थान के लिए उपयुक्त शब्द है)*

A) पतला B) काला

C) हंसमुख D) मुर्ग्ली

6. माधवदास को वह चिड़िया बड़ी मनमानी लगी। ( )

*(रेखांकित शब्द निम्नलिखित के उदाहरण हैं)*

A) संज्ञा B) विशेषण

C) क्रिया D) सर्वनाम

7. नदियाँ शांत और गंभीर बहती जाती हैं। ( )

*(वाक्य में विशेषण युक्त शब्द है)*

A) नदियाँ B) शांत गंभीर

C) बहती जाती D) जाती है

8. दादी माँ ----सबकी मदद की। ( )

*(रिक्त स्थान में उचित कारक विभक्ति होगी)*

A) का B) से

C) ने D) को

***II. निम्न लिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए।*** ***2x1=2***

9. साहस :

10. सुन्दर :

***[Contd..on 3rd page***

*III. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार दीजिए ।* *10x1=10*

11. मिठाई में मिठास होती हैं । *(रेखांकित शब्द व्याकरण की दृष्टि से क्या है)*

12. मैंदान में बच्चें खेल रहे हैं । *(वाक्य नकारात्मक रुप में लिखिए)*

13. 'विद्यालय' शब्द का संधि विच्छेद कीजिए ।

14. 'वाला' *(प्रत्यय से बना शब्द लिखिए)*

15. दादी माँ कहानी सुनाती थी । *(वाक्य वर्तमान काल में लिखिए)*

16. पशु--पक्षियों पर अन्याय नहीं करना चाहिए ।
*(रेखांकित शब्द में उपसर्ग पहचानकर लिखिए)*

17. अमर ----भांई धीरज है । *(रिक्त स्थान में उचित कारक विभक्ति लिखिए)*

18. कण शरीर सिपाही सफेद के वीर हैं । *(वाक्य का शुध्द रुप लिखिए)*

*[Turn Over*

19. मैं ने सबके साथ खाना खाया । *(वाक्य का प्रश्न वाचक रुप लिखिए)*

20. माँ खाना बना रही है । माँ बात कर रही है । *(वाक्य को संयुक्त वाक्य में लिखिए)*

* * * * *